**Regarding implementation of `Har Ghar Jal` Scheme under Jal Jeevan Mission in Shahjahanpur Parliamentary Constituency-Laid**

श्री अरुण कुमार सागर (**शाहजहाँपुर**) **:** मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहाँपुर (उत्तर प्रदेश) में जल जीवन मिशन योजना "हर घर जल" के अन्तर्गत करवाए जा रहे कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं है । मुझे क्षेत्र में दौरे के दौरान निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही है कि जो निर्माण कार्य कार्यदायी एजेंसी के माध्यम से करवाए जा रहे हैं, वे गुणवत्ताविहीन और मानक के अनुरूप नहीं है । निर्माण कार्य में अत्यधिक घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है तथा कार्यदायी एजेंसी द्वारा कार्य को जिन छोटे-छोटे ठेकेदारों में बांटा गया है. उनको उक्त कार्य का अनुभव ही नहीं है ।

कार्यदायी एजेंसी द्वारा जो पाइप लाइन डाली जा रही है. उसकी गुणवत्ता मी अत्यधिक घटिया है । पाइपलाइन बहुत हल्की है एवं साइट पर डालते समय टूट-फूट हो रही है । इसके अलावा पाइप लाइन डालने के उपरांत रोड को कहीं भी ठीक / रिस्टोर नहीं किया गया है । मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर की सभी ग्राम पंचायतों में यह स्थिति है । जनपद के विकास खंड सिधौली के ग्राम मुर्छा में जल जीवन मिशन के तहत घटिया निर्माण सामग्री से बन रही पानी की टंकी की सीढ़ी गिरने से मजदूर भी घायल हुए हैं ।

अतः मेरा अनुरोध है कि इस प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय मंत्रालय स्तर पर एक उच्चस्तरीय तकनीकी समिति गठित करके उपरोक्त पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच करवाने तथा कार्यदायी एजेंसी को तत्काल प्रभाव से ब्लैक लिस्ट करते हुए दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कठोर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने और कार्यों को कुशल कार्यदायी एजेंसी को आवंटित किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए ।